हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

4
एनआईएस कॉलेज में वित्तीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम



## खबर संक्षेप

### अल्पसंख्यक मोर्चा के नमन बने जिला उपाध्यक्ष

**जशपुरनगर।** संगठन को जमीनी स्तर पर और धारदार बनाने की रणनीति के तहत अल्पसंख्यक मोर्चा में बड़ा फेरबदल किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने सक्रिय और युवा कार्यकर्ता नमन जैन को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है। यह जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला ढांचे के विस्तार के तहत दी गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और सदस्यता अभियान को गति देने के लिए युवा नेतृत्व को आगे लाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक प्रकरण में प्रभावित परिजन को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 - 4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि तहसील सन्ना अंतर्गत ग्राम कामारिमा निवासी स्व. पजवा यादव पिता स्व. केश्वर यादव की 15 जून 2025 को आकाशीय बिजली से असामयिक मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा अंतर्गत दर्ज किया गया। उक्त आधार पर मृतक के निकटतम वैध वारिस उनकी पत्नी श्रीमती सितवा बाई, ग्राम कामारिमा, तहसील सन्ना को छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदाओं के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करते हुए प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है, ताकि पीड़ित परिवारों को कठिन परिस्थितियों में संबल मिल सके।

### अश्लील गाने पर बच्चों के नृत्य करने के मामले में प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**अम्बिकापुर।** गणतंत्र दिवस पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय रामचंद्रपुर के विद्यार्थियों द्वारा अश्लील भोजपुरी गीत पर नृत्य का वीडियों सामने आने पर संभागायुक्त ने विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बसंत गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में प्रभारी प्राचार्य को संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय में संलग्न किया गया है।गणतंत्र दिवस पर पीएम श्री सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामचंद्रपुर में भोजपुरी का अश्लील गाना बजाया गया था जिस पर स्कूल के बच्चों ने जमकर नृत्य किया था। सोशल मीडिया पर बच्चों का वीडियों वायरल होने पर बलरामपुर कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लेते हुए संभागायुक्त को रिपोर्ट भेज कार्रवाई की अनुशंसा की थी। संभागायुक्त ने राष्ट्रीय पर्व पर अश्लील भोजपुरी गीत बजाने एवं गीत पर विद्यार्थियों से नृत्य कराने को गंभीर कृत्य एवं विद्यालयीन अनुशासन एवं सामाजिक शालीनता के विपरीत माना है। मामले में दायित्वों के निर्वहन में प्रभारी प्राचार्य की घोर लापरवाही मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### बाल सुधार गृह से भागने वाले 8 बरामद

**अंबिकापुर।** बाल सुधार गृह प्लेस ऑफ सेफ्टी से फरार हुए 5 बालिग़ समेत 13 अपचारी बालकों में से अब तक आठ को बरामद कर लिया गया है। इनमें एक बालिग़ भी शामिल है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि प्लेस ऑफ सेफ्टी के नाम से संचालित बाल सुधार गृह से 16 फरवरी की रात 5 बालिग समेत 13 अपचारी बालक सुरक्षाकर्मियों से मारपीट करने के बाद भाग निकले थे। इस मामले 17 फरवरी तक 5 अपचारी बालकों को बरामद कर लिया गया था जबकि गांधीनगर पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को बरामद किया है।

### नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जामटोली की घटना

# टांगी के वार कर से बेटी की हत्या, पिता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जामटोली में रिश्तों को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है। घर निर्माण को लेकर हुए विवाद में एक पिता ने अपनी ही 23 वर्षीय बेटी की टांगी से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



■ घर निर्माण को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस के अनुसार, 18 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे यह घटना हुई। मृतका बिंदिया लकड़ा उम्र 23 वर्ष आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत थी और घर के पास नया मकान बनवाने के लिए नींव खुदवाकर बालू-रेत गिरवाया गया था। इसी दौरान उसके पिता लौरेंस लकड़ा उम्र 47 वर्ष घर पहुंचे और ईंट-गिट्टी जल्द मंगवाने या इसके लिए रुपए देने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते उग्र विवाद में बदल गई।

### सिर पर किया वार

वाद-विवाद के दौरान आरोपी पिता ने घर में रखी टांगी के पिछले हिस्से से बेटी के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से बिंदिया लकड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई।

### बहन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज

मृतका की बहन अनुषा लकड़ा उम्र 22 वर्ष, निवासी अंबाटोली, ने थाना नारायणपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया।

### सिर की चोट से मौत

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा किया और पोस्टमार्टम कराया। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर ने सिर में गंभीर चोट को मृत्यु का कारण बताया है।

### टांगी जब्त

त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी लौरेस लकड़ा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। हत्या में प्रयुक्त टांगी भी जब्त कर ली गई है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

मामले की जांच व गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक उमेश प्रभाकर, प्रधान आरक्षक पुरनचंद पटेल, उमेश मिंज, आरक्षक अशोक कंसारी, अमित एक्का एवं नगर सैनिक वीरेंद्र भगत की अहम भूमिका रही।

## युवक पर लोहे के कड़े से जानलेवा हमला

**कोतबा।** तुमला थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरायटोली में बुधवार दोपहर आपसी रंजिश के चलते एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाल कटवाने आए एक युवक पर आधा दर्जन युवकों ने लोहे के धारदार कड़े से हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया। वारदात के बाद आरोपी ने घायल की फोटो और हमले में प्रयुक्त हथियार को सोशल मीडिया पर वायरल कर खुलेआम चुनौती भी दी।



जानकारी के अनुसार, अंकिरा निवासी वीरेश डनसेना (पिता रतनू डनसेना) बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे अपने एक साथी के साथ सरायटोली में बाल कटवाने गया था। तभी आरोपी सतीश चौहान ने उसे देख लिया और तत्काल अपने पांच अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोपियों ने वीरेश को दुकान से बाहर खींच लिया और उस पर टूट पड़े। मारपीट के दौरान आरोपियों ने कलाई में पहनने वाले धारदार लोहे के कड़े का इस्तेमाल किया, जिससे वीरेश के सिर पर गंभीर घाव हो गए। अत्यधिक खून बहने के कारण युवक सड़क पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। हमले की उग्रता देख वीरेश का साथी अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सतीश चौहान ने सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपनी दबंगई दिखाई। उसने मारपीट में प्रयुक्त लोहे के कड़े की तस्वीर साझा करते हुए लिखा ₹अब कैसा लगा भाई?₹। यह पोस्ट इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है और पुलिस के लिए एक बड़ा सबूत भी है।

### झगड़ा शांत कराना पड़ा महंगा

पीड़ित वीरेश ने अस्पताल में बताया कि कुछ महीने पहले उसके साथियों और सतीश के बीच विवाद हो रहा था। उस वक्त वीरेश ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत करा दिया था। इसी बात की खुन्नस पालकर सतीश ने उस पर जानलेवा हमला किया। मामले को लेकर तुमला थाना प्रभारी कोमल सिंह नेताम ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। प्रारंभिक जांच में दोनों पक्ष नाबालिग बताए जा रहे हैं। पुलिस डॉक्टरों की एमएलसी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर और उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ठेकेदार की अमानत राशि राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोक निर्माण विभाग संभाग पत्थलगांव द्वारा पमशाला से सराईटोला मार्ग निर्माण की तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की गई है। कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग पत्थलगांव ने बताया कि पमशाला से सराईटोला मार्ग (लंबाई 11.50 किमी) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित हुआ है।

मार्ग की अत्यंत जर्जर स्थिति को देखते हुए इसके पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण हेतु वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक बजट में शामिल कर 2396.94 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की गई थी। इसके पश्चात 2322.58 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति मिलने पर विधिवत निविदा आमंत्रित की गई। निविदा प्रक्रिया में केपकॉन प्रोजेक्ट प्रा. लि., जशपुर द्वारा 20.11 प्रतिशत कम दर (एस.ओ.आर. से) प्रस्तुत की गई, जिसे शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए अनुबंध निष्पादन हेतु स्वीकृति पत्र जारी किया गया। साथ ही ठेकेदार को 15 दिवस के भीतर असंतुलित राशि जमा कर अनुबंध करने के निर्देश दिए गए थे। किन्तु निर्धारित समयावधि में अनुबंध नहीं किए जाने के कारण निविदा शर्तों के अनुसार ठेकेदार की 5.00 लाख रुपये की अमानत राशि शासन के पक्ष में राजसात कर ली गई है।

■ 3 मार्च को पुनः खुलेगी निविदा

इसके उपरांत नियमानुसार पुनः निविदा आमंत्रित की गई है, जिसकी निविदा 03 मार्च 2026 को खोली जाएगी। न्यूनतम दर प्राप्त होने पर कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता ने स्पष्ट किया है कि पुनर्निर्माण कार्य के दौरान वर्तमान डामरीकरण सतह को उखाड़ना आवश्यक होगा। इसी कारण मार्ग में बने गड्ढों को निरंतर मुरूम एवं जी.एस.बी. सामग्री से भरकर आवागमन सुचारू बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में मार्ग की स्थिति संतोषप्रद है। चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

## बाल विवाह मुक्त भारत रथ पर हस्ताक्षर कर एसएसपी ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में चल रहे बालविवाह मुक्त भारत अभियान के बालविवाह मुक्त भारत रथ पर हस्ताक्षर कर जशपुर जिले के एसएसपी डॉ। लाल उम्मेद सिंह ने अपना समर्थन एवं सहयोग का वादा करते हुए अभियान का हिस्सा बने।

■ जशपुर को सामाजिक बुराइयों से मुक्त कर आदर्श जिला बनाने की दिशा में एक कदम




बालविवाह मुक्त भारत का यह 100 दिवसीय अभियान समर्पित सेंटर फॉर पावर्टी एलिविएशन एंड सोशल रिसर्च और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से चलाया जा रहा है। बाल विवाह मुक्त भारत रथ के माध्यम से जशपुर जिले के गांव गांव में जाकर बाल विवाह के रोकथम के लिए आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही बाल विवाह से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में बताया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सामन्यक अंजली ताम्रकार, बबीता ताम्रकार, व समूह के अन्य साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## वन संरक्षण व ग्रामीण आजीविका के संतुलन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

तपकरा परिक्षेत्र स्थित रेस्ट हाउस में तेंदूपत्ता शाखकर्तन तथा वर्तमान अग्नि सीजन को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीणों, वन प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को तेंदूपत्ता के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित शाखकर्तन की विधि तथा वनाग्नि की रोकथाम के प्रति जागरूक करना था।

■ वैज्ञानिक शाखकर्तन एवं वनाग्नि रोकथाम की दी गई जानकारी




कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रबंधकों एवं विभागीय अधिकारियों ने तेंदूपत्ता संग्रहण की महत्ता, वन संरक्षण तथा ग्रामीणों की आजीविका के मध्य संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव भारत साय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत फरसाबहार की अध्यक्ष श्रीमती हेमंती साय, जिला पंचायत सदस्य दुलारी सिंह, जनपद सदस्य दुर्गावती नायक, तपकरा सरपंच सविता जायसवाल, दिलीप कुमार साहू, कपिल सिंह, अजय शर्मा एवं नटवर मूंदड़ा उपस्थित रहे। इसके अलावा वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, परिक्षेत्र अधिकारी, उप प्रबंधक, वनरक्षक, फंडमुंशी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि भारत साय ने अपने संबोधन में कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीणों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है। यदि इसका वैज्ञानिक पद्धति से शाखकर्तन एवं संग्रहण किया जाए तो वन संरक्षण और रोजगार दोनों का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने वनाग्नि की रोकथाम में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी से सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रशिक्षु आईएफएस सुश्री यशस्वी मौर्य ने तेंदूपत्ता शाखकर्तन की वैज्ञानिक तकनीकों, शाखा काटते समय पौधों को क्षति से बचाने की सावधानियों, निर्धारित समय-सीमा के पालन तथा गुणवत्तापूर्ण संग्रहण की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वर्तमान अग्नि सीजन को ध्यान में रखते हुए जंगल में आग लगने के प्रमुख कारणों, उससे होने वाले पारिस्थितिक एवं आर्थिक नुकसान तथा आग से बचाव के व्यावहारिक उपायों से ग्रामीणों को अवगत कराया। उप प्रबंध संचालक शैलेंद्र कुमार अंबष्ट एवं उप वनमंडलाधिकारी आशीष कुमार आर्य ने तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्य को निर्धारित समयावधि एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप करने पर बल दिया।

## मुद्रा लोन से आत्मनिर्भर बनी पिंकी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में मनोरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मनोरा की रहने वाली श्रीमती पिंकी सोनी बिहान अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी मिली और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ। पिंकी ने अपने किराना व्यवसाय को आगे बढ़ाने का सपना देखा। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने पीएम मुद्रा लोन के तहत 70,000 रुपये का स्वयंसिद्धा लोन लिया और अपनी दुकान का विस्तार किया। दुकान बड़ी होने से न केवल उनकी आय बढ़ी, बल्कि ग्राहकों का विश्वास और पहुंच भी मजबूत हुई। समूह से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी मिली और आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास भी हासिल हुआ। आज पिंकी जी अपने परिवार की मजबूत आर्थिक सहारा बनी हैं। उनकी मेहनत और बिहान योजना से मिली मदद ने उन्हें आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद भी दिया हैं।



## विधायक रायमुनि ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग जशपुर द्वारा ग्राम गम्हरिया, जशपुर में जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने जिले के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए परिवहन विभाग के लिए 2 करोड़ 28 लाख 60 हजार रुपये की लगत से बनाने वाले ओटोमेटेड ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रणाली (ई-ट्रैक) के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह अत्याधुनिक सुविधा क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक एवं सुरक्षित ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान करेगी। साथ ही 1 करोड़ 77 लाख 43 हजार रुपये की। लगत से बनाने वाले शासकीय दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित विशेष आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। यह विद्यालय दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव का पत्थर साबित होगा।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व पार्षद नीतू गुप्ता, सावित्री निकुंज, ग्राम गम्हरिया के सरपंच, दृष्टिबाधित विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षकगण तथा कार्यपालन अभियंता प्रफुल चौरे, सहायक अभियंता नीरज ठाकुर, उप अभियंता निशांत बड़ा, उप अभियंता (विद्युत) आशीष कुमार रात्रे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जशपुर में शिक्षा, प्रशिक्षण और समावेशी विकास की यह पहल निश्चित रूप से क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देगी।

## मुख्यमंत्री की पहल से जिले में सुदृढ़ हुई स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आम नागरिकों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति होने से जिलेवासियों को अब स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे उन्हें उपचार के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता कम हुई है और आम लोगों को बड़ी राहत मिली है।

वर्तमान में जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपशिखा कदम, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ.गौरव हरदहा, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.दीपांशु भोय तथा रेडियोलॉजिस्ट डॉ.अंकित अग्रवाल अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से मरीजों को समय पर सटीक जांच और उपचार मिल रहा है। अक्टूबर 2025 से अपनी सेवाएं दे रहे रेडियोलॉजिस्ट डॉ.अंकित अग्रवाल द्वारा अब तक लगभग 600 सोनोग्राफी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। वहीं जनवरी 2026 से पदस्थ सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. गौरव हरदहा द्वारा ओपीडी में लगभग 115 मरीजों का परीक्षण किया गया है एवं लगभग 21 मरीजों की मेजर एवं माइनर सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई है। इसी प्रकार, सितंबर 2025 से कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपशिखा कदम द्वारा ओपीडी में लगभग 50 मरीजों की जांच के साथ-साथ अब तक लगभग 17 मेजर एवं माइनर सर्जरी की गई हैं।



■ विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से जिलेवासियों को मिली बड़ी राहत

मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.दीपांशु भोय भी जनवरी 2026 से लगातार मरीजों की जांच एवं उपचार कर रहे हैं। इसके अलावा सभी विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित ओपीडी सेवाओं के साथ-साथ ऑनलाइन परामर्श एवं केजुअल्टी ड्यूटी के माध्यम से भी मरीजों को निरंतर चिकित्सा सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में भी मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध हो पा रहा है। जिलेवासियों ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से उन्हें अत्यधिक सुविधा प्राप्त हुई है। पहले गंभीर उपचार के लिए रांची एवं अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अधिक व्यय होता था। अब जिला चिकित्सालय में ही विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध होने से समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है। इस पहल के लिए जिलेवासियों ने मुख्यमंत्री एवं जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### स्व. दिलीप सिंह जूदेव को कार्यकर्ताओं ने किया याद

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय का युवाओं ने किया रक्त तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव का धर्मनगरी कोतबा में प्रथम नगर आगमन ऐतिहासिक रहा। उनके स्वागत में पूरा नगर नारों से गूंज उठा। कारगिल चौक पर युवाओं ने रक्त से विजय आदित्य का तिलक कर उनका स्वागत किया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता की अगुवाई में आयोजित इस स्वागत समारोह की शुरुआत कोतबा नगर सीमा से हुई।

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नव-नियुक्त जशपुर जिलाध्यक्ष विजय आदित्य जूदेव का धर्मनगरी कोतबा में प्रथम नगर आगमन पर ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। अपने जोशपूर्ण अंदाज और बेबाक भाषण ⏭ शेष पेज 4 पर



### विरासत के प्रहरी हैं विजयः आनंद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा ने युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय गुप्ता और उनकी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। श्री शर्मा ने स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की राजनीतिक विरासत और उनके अदम्य साहस को याद किया। उन्होंने उस ऐतिहासिक वाकये का जिक्र किया जब स्व. जूदेव ने मूंछों पर ताव देते हुए प्रतिज्ञा ली थी कि यदि तीनों विधानसभा सीटें नहीं जिता पाया, तो लोग मेरे नाम का कुत्ता पाल लें। उनके इसी आत्मविश्वास ने पार्टी को संकट से उबारकर ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। श्री शर्मा ने कहा कि आज उसी गौरवशाली विरासत को विजय आदित्य सिंह ⏭ शेष पेज 4 पर

